Title: Need to establish a bench of Allahabad High Court at Meerut, Uttar Pradesh -- Laid.

श्री अवतार सिंह भडाना (मेरठ) : अध्यक्ष महोदय, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आम जनता की मेरठ में इलाहाबाद हाई कोर्ट की बेंच खोलने की बहुत ही पुरानी मांग है, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से इस मामले पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को हाई कोर्ट से संबंधित मामलों के लिए इलाहाबाद की लगभग 400 कि0मी0 की दूरी तय करनी पड़ती है। गरीब जनता तो इलाहाबाद की दूरी को देखते हुए अपने मामलों को जिला कोर्ट तक ही समाप्त करने पर मजबूर हो जाती है, जिस कारण उन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है। इसके अलावा गरीब जनता को बार बार कोर्ट की तारीख के दिन इलाहाबाद हाजिर होने पर अपनी जमीन-जायदाद, पशुधन तथा अपने घर को भी बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है1 मेरी भारत सरकार से मांग है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता की इस लम्बित मांग को शीघ्र पूरा किया जाये और मेरठ में इलाहाबाद हाई कोर्ट की बेंच खोलने हेतु अविलम्ब स्वीकृति प्रदान की जाये।